
8. (a) पूर्ण आन्तरिक परावर्तन के लिए दो आवश्यक शर्तें लिखिए।


(b) आरेख में दर्शाए अनुसार दो प्रिज़्मों ABC और DBC को व्यवस्थित किया गया है। वायु के सापेक्ष इन दोनों प्रिज़्मों के क्रांतिक कोण क्रमश: $41.1^\circ$ और $45^\circ$ हैं। प्रिज़्मों के संयोजन से प्रकाश किरण के पथ को आरेखित कीजिए। **3**




**अथवा**

(a) कोई बिम्ब किसी अभिसारी लेंस के सामने स्थित है। वह शर्तें प्राप्त कीजिए जिसमें इस लेंस द्वारा उत्पन्न आवर्धन (i) ऋणात्मक और (ii) धनात्मक होता है।

(b) कोई बिन्दुकित बिम्ब किसी काँच के गोले के सामने आरेख में दर्शाए अनुसार O पर स्थित है। इस गोले द्वारा प्रतिबिम्ब बनना दर्शाइए।




9. किसी इलेक्ट्रॉन को विश्राम से 100 V विभवान्तर से होकर त्वरित किया गया है।

(i) इलेक्ट्रॉन से संबद्ध तरंगदैर्ध्य,

(ii) इलेक्ट्रॉन का संवेग और

(iii) इलेक्ट्रॉन द्वारा अर्जित वेग ज्ञात कीजिए। **3**

10. यंग के किसी द्वि–झिर्री प्रयोग में, जिसमें 600 nm तरंगदैर्ध्य के प्रकाश का उपयोग किया गया है, झिर्रियों के बीच पृथकन 0.8 mm है और पर्दे को झिर्रियों के तल से 1.6 m की दूरी पर रखा गया है।

(i) फ्रिन्ज चौड़ाई, और

(ii) केन्द्रीय उच्चिष्ठ से (a) तीसरे निम्निष्ठ और (b) पाँचवें उच्चिष्ठ की दूरी परिकलित कीजिए। **3**

